सार-समाचार

करौली को रेल से जोड़ने के लिए सांसद भजनलाल से की चर्चा

करौली, (निसं)। रेल विकास समिति करौली ने करौली प्रवास पर आए सांसद भजन लाल जाटव से करौली को शीघ्र रेल से जोड़ने के लिए उनके प्रयासों की जानकारी ली तथा बार -बार जनप्रतिनिधियों द्वारा नए प्रस्ताव देकर परियोजना में देरी करवाने पर असंतोष जताया। रेल विकास समिति के महासचिव वेणुगोपाल शर्मा ने सांसद को बताया कि उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के मुख्य इंजीनियरिंग निर्माण के अनुसार परियोजना के प्रथम चरण में धौलपुर, बाडी एवं सरमथुरा तीन तहसीलों में भूमि का अधिठाहण किया जाना था, लेकिन राजस्थान सरकार द्वारा अभी तक पूर्ण रूप से रेलवे को भूमि स्थानांतरित नहीं की है जबकि समस्त अवार्ड राशि रेलवे द्वारा जमा कराई जा चुकी है सांसद को बताया गया कि परियोजना के दूसरे चरण में सरमथुरा से गंगापुर सिटी तक ब्रॉडगेज का विस्तार किया जाना है किंतु जनप्रतिनिधियों एवं राजस्थान सरकार द्वारा बदलाव के प्रस्ताव देने से परिवर्तित प्रस्ताव के अनुसार तकमीने में बदलाव किया जा रहा है ऐसी स्थिति में प्रस्तावों की स्वीकृति के बाद ही दूसरे चरण का कार्य शुरू होगा सांसद ने कहा की इस संबंध में वह आगामी लोकसभा सत्र के दौरान रेल मंत्री से बात करके परियोजना को शीघ्र पूरा करने का अनुरोध करेंगे। सांसद के साथ मौजूद टोडाभीम विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम महर ,करौली के पूर्व विधायक लाखन सिंह एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव भूपेन्द्र भारद्वाज ने चर्चा में भाग लेते हुए जिला मुख्यालय को यथा शीघ्र रेल से जोड़ने की जरूरत पर जोर दिया इस दौरान रेल विकास समिति के एडवोकेट जितेंद्र मित्तल के अलाबा अनेक सदस्य मौजूद थे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपवास रखा

करौली, (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांठोस कमेटी करौली के द्वारा रविवार को कलेक्ट्री के सामने मनरेगा बचाओ संठााम के काम की रक्षा हेतु महात्मा गांधी के चित्रपट के सामने सामूहिक उपवास कार्यक्रम रखा।जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष एवं टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संठााम को लेकर कांठोसियों ने कलेक्ट्रेट के सामने उपवास कार्यक्रम रखा गया इसी मौके पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री के चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित की इस मौके पर विशेष रूप से करौली धौलपुर के लोकसभा सांसद भजनलाल जाटव करौली के पूर्व विधायक लाखन सिंह मीणा महिला कांठोस की प्रदेश सचिव हुकुम बाई मीणा विशाल मीणा कांठोस के प्रदेश सचिव भूपेंद्र भारद्वाज जिला उपाध्यक्ष देवी साहब दत्तात्रेय पूर्व अध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा युवा कांठोस जिला अध्यक्ष खेम सिंह मीणा एनएसयूआई जिला अध्यक्ष दिनेश झारेड़ा महिला कांठोस अध्यक्ष सरदो गुर्जर सूरज गुर्जर भैरव सिंह मीणा प्रभाव चौधरी राजू बैरवा अखिलेश मामचारी रविंद्र बेनीवाल महेंद्र सूरोठिया तारा सिंह बैंसला मुखराज मीना मोहन सिंह गुर्जर खेम सिंह गुर्जर बट्टू मेंबर एडवोकेट महेंद्र मुद्गल देवव्रत मीना चंद्र प्रकाश मीणा एडवोकेट राजेश भारद्वाज सवाई सिंह राजपूत सहित दर्जनों कांठोसी कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित है।

नववर्ष मिलन समारोह आयोजित

भरतपुर, (निसं)। चित्रगुप्त मंदिर खिरनी घाट पर चित्रांश नववर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भगवान चित्रगुप्त के फोटो पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में जयपुर, भरतपुर, भीलवाडा व आगरा के करीब 120 चित्रांशों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंदिर समिति के संरक्षक अनिल श्रीवास्तव द्वारा मंदिरतथा उसमें हुए विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। कोषाध्यक्ष नगेन्द्र सक्सैना द्वारा समिति का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद राजस्थान कायस्थ महासभा के महामंत्री व कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भीलवाडा से पधारे डॉ. अजय माथुर द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये। इस अवसर पर भगवान चित्रगुप्त के एक पेज के कलैण्डर काविमोचन अतिथियों द्वारा कियागया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष कुमार संभव द्वारा मंदिर के विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए एकजुट होकर समाज के उत्थान हेतु कार्य करने काआव्हान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकर बाबू सक्सैना द्वारा की गई। कार्यक्रम में राजकुमार माथुर, सतीश सक्सैना, डॉ. रोहित भारतीय, अनुपम कुलश्रेष्ठ आदि उपस्थित थे। अन्त में सचिव अशोक माथुर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

समीक्षा बैठक सम्पन्न

भरतपुर, (निसं)। जिला योगासन भारत के तत्वावधान में 11 जनवरी 2026 को नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, नई पुष्पवाटिका कॉलोनी, भरतपुर में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक में जिले में आयोजित होने वाली आगामी योगासन प्रतियोगिता की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव केशव सिंह ने जानकारी दी कि इस बार योगासन प्रतियोगिता का आयोजन नई के अंतर्गत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नई प्रणाली से प्रतियोगिता अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप संपन्न होगी, जिससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन का सटीक मूल्यांकन संभव हो सकेगा। प्रतियोगिता की अंतिम तिथि, स्थान एवं श्रेणियों से संबंधित विस्तृत सूचना शीघ्र ही जारी की जाएगी। इस अवसर पर जिला योगासन भारत के पदाधिकारी एवं आयोजन समिति से जुड़े गणमान्यजन उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से सचिव केशव सिंह, योगेश शर्मा, उदयभान सिंह छात्रावास अधीक्षक गोविंद सिंह, गोविंद परमार, आयूशी कुमारी, भव्यता बंसल, रेनू राजकुमार तथा संस्कृति शर्मा शामिल रहे। उपस्थित सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए।

'किसान को समर्थन मूल्य की नहीं, लाभकारी मूल्य की जरूरत'

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। कस्बा वैर के भुसावर रोड स्थित एक निजी स्कूल मे राजेश पायलेट किसान संगठन जिला इकाई द्वारा किसान सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजना जाटव ने भाग लिया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील कुमार ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में किसान नेता इन्दल सिंह जाट ,दरबारी सरपंच, चंद्रप्रकाश अवस्थी, भीम कारवान, रामहंस फौजी रहे। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामकेश चौधरी, अंकित बैसला मीडिया प्रभारी, राजवीर कसना प्रदेश उपाध्यक्ष, राम सरन मीना जिला अध्यक्ष अलवर, लक्ष्मण सिंह सर पंच दौसा, राजकुमार ख़टाना करौली, महेश खेडला ब्लॉक अध्यक्ष महुआ ने भी भाग लिया।

किसान सम्मेलन में किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान की कोई जाति नही है, फिर भी जातियों में बांट दिया है। किसान को समर्थन मूल्य की नही, लाभकारी मूल्य की जरूरत है। किसानों को संगठन बनाने होंगे। खेती घाटे का जरिया बनकर रह गया है। जिसके पास खेत है वह कर्जे में डूबा हुआ है। खेती की लागत कई गुना बढ चुकी है। लेकिन किसानों को उत्पादन के वाजिब दाम नहीं मिल रहे है। किसानों को समय पर बिजली नहीं मिल पा रही है डीएपी यूरिया खाद के हालात तो और भी खराब हैं। किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि सरकारें जल जंगल और जमीनों तथा पहाड़ों को पूंजीपतियों को देती जा रही है। देश में लाखों किसानों ने आत्महत्याएँ की है लेकिन सरकारें किसानों के मुद्दों का समाधान नहीं कर रही ।

उन्होंने कहा कि भरतपुर जिले में सिंचाई के पानी और रोजगार का प्रबंध नहीं है, बाणगंगा नदी गम्भीर और रुपारेल सूखी पड़ी हुई है जबकि चम्बल और उसकी सहायक नदियों का पानी बेकार बहकर समुद्र में जा रहा है, सरकार को इआरसीपी - पीकेसी के कार्य को जल्दि पूरा करना चाहिये तथा भरतपुर जिले को प्रथम चरण में पानी मिलना चाहिये ।सियाराम शर्मा ने बताया की खेती से जुड़े हर व्यक्ति किसान है। किसान भारत की रीढ़ है। उद्योग पति भी किसान पर निर्भर है।

सभी संगठित होकर किसानों की आवाज उठाए। खाद ब्लैक में मिल रहा है। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजना जाटव ने संबोधित करते हुए कहा कि किसान कड़ाके की ठंड में बहुत परेशान है जो लाइट दिन में मिलनी चाहिए उसे रात्रि में दिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर किसानों को खाद भी समय पर नहीं मिल पा रहा है। हम सबको मिलकर संगठन को मजबूत बनाना चाहिए।

6 साल बाद मिला पदक

भरतपुर, (निसं)। हरियाणा में आयोजित 38वीं सब जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की टीमों ने शानदार और ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को गौरवान्वित किया है। राजस्थान सॉफ्टबॉल संघ के सचिव राजवीर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव शंकर व्यास व जिला खेल अधिकारी एवं राजस्थान टीम के कोच अभिषेक पवार, सुनील चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि छह वर्षों के लंबे अंतराल के बाद राजस्थान को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक प्राप्त हुआ है, जिससे खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेलप्रेमियों में उत्साह का माहौल है। छात्र वर्ग (बॉयज) में राजस्थान टीम ने गत वर्ष की विजेता छत्तीसगढ़ को कड़े और रोमांचक मुकाबले में 1-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

एफसीए डोमिनेटर्स व एसवीपीएस इलेवन ने जीता मैच

गंगापुर सिटी, (निसं)। नई दिशा सोसाइटी द्वारा आयोजित पीयूष जीपीएल-10 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को दो मुकाबले खेले गए। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के खेल मैदान पर हुए इन मैचों में एफसीए डोमिनेटर्स और एसवीपीएस इलेवन ने जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में एफसीए डोमिनेटर्स ने ओप्पो मास्टर ब्लास्टर को 9 रनों से हराया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एफसीए डोमिनेटर्स ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 148 रन बनाए। इसमें अजय बेनीवाल ने 42 और राजवीर सिंह ने 35 रनों का योगदान दिया। ओप्पो की ओर से शेखर सिरोही ने 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ओप्पो मास्टर ब्लास्टर ने ध्रुव के 40 रन और मयंक व गाजी के 25-25 रनों की मदद से मजबूत शुरुआत की।

टीम ने 13 ओवर में 132 रन बना लिए थे, लेकिन इसके बाद ऋषि कमिंस ने हैट्रिक सहित 24 रन देकर 6 विकेट झटककर मैच का रुख पलट दिया। इस मुकाबले में अंकुर को श्कैच ऑफ द मैचश, ध्रुव को शसिक्स ऑफ द मैचश तथा ऋषि कमिंस को श्बॉलर ऑफ द मैच और श्मैन ऑफ द मैच चुना गया। टॉस के बॉस शरद केशव डेयरी रहे। दूसरे मुकाबले में एसवीपीएस इलेवन ने जीजीसी रॉयल रेंजर को 59 रनों से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसवीपीएस इलेवन ने 197 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। साकेत शर्मा ने 12 गेंदों पर 30, युवराज ने 87 और मनेंद्र सिंह ने 38 रनों की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।

रॉयल रेंजर की ओर से नमन जांगिड़ ने 3 विकेट लिए। जवाब में जीजीसी रॉयल रेंजर की टीम साहिल गुप्ता (20), तनिष्क सिंघल (30) और अमित यादव (30) के अलावा अन्य बल्लेबाजों के नाकाम रहने के कारण लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। इस मैच में सिद्धिक को श्कैच ऑफ द मैचश, नमन जांगिड को श्बॉलर ऑफ द मैचश तथा युवराज मीणा को शसिक्स ऑफ द मैचश और श्मैन ऑफ द मैचश का पुरस्कार मिला। मैचों के दौरान जीपीएल कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

गंगापुर सिटी, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की प्रदेश, जिला और उपशाखा कार्यकारिणी सदस्यों की एक सामूहिक बैठक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुई। इस बैठक में शिक्षकों से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक का नेतृत्व प्रदेश मंत्री सोहनलाल गुप्ता और जिलाध्यक्ष सुरेशचंद शर्मा ने किया। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से हुई। बैठक में ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी

- बीईईओ कार्यालय, बीएलओ ड्यूटी और स्थानांतरण नीति पर उठाए सवाल

(बीईईओ) गंगापुर सिटी कार्यालय से जुड़ी समस्याओं पर प्रमुखता से बात की गई। सदस्यों ने 15 किलोमीटर से अधिक दूरी पर नियुक्त किए गए केआरपी को टीए-डीए देने, मौखिक आदेशों के आधार पर कर्मचारियों की नियुक्ति पर रोक लगाने और प्रशिक्षण के दिन नाम परिवर्तन की प्रक्रिया को अव्यवहारिक बताया। इसके अतिरिक्त, प्रधानाचार्यों की सेवा पुस्तिकाएं वर्षों से नहीं दिखाए जाने के कारण पीएल कटौती की समस्या भी उठाई गई। बीईईओ कार्यालय के एक कार्मिक द्वारा प्रदेश मंत्री को वॉइस कॉल पर धमकी देने के मामले में सदन ने निंदा प्रस्ताव पारित किया। उप जिला कलेक्टर कार्यालय से संबंधित मुद्दों में 55 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों और एकल शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त रखने की मांग की गई। साथ ही, शीतकालीन अवकाश में किए गए एसआईआर कार्य के आदेश जारी करने का भी आग्रह किया गया। प्रदेश स्तरीय समस्याओं में जर्जर विद्यालय भवनों के पुनर्निर्माण, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में बजट आवंटन, पति-पत्नी को एक ही स्थान पर स्थानांतरण नीति का पालन सुनिश्चित करने और म्युचुअल स्थानांतरण को पुन: खोलने की मांग रखी गई। इस बैठक में श्रीजेश गुर्जर, सोहन लाल गुप्ता, सुरेश चंद शर्मा, नरेश सिसोदिया, सुरेश चंद्र गर्ग, फिरोज खान, वेदप्रकाश गुप्ता, रघुवीर जाटव, मिट्ठू लाल शर्मा, विनोद त्रिवेदी, मोहिद खान, नितेश जांगिड और गोपाल लाल गुप्ता सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

'मानव तस्करी दूसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध'

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। कृषि महाविद्यालय भुसावर के विद्यार्थियों को मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता हेतु एडवाइजरी जारी की गई है। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि ड्रग्स और हथियार के बाद मानव तस्करी दूसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध है।

मानव तस्करी को गुलामी का एक आधुनिक रूप माना जाता है। तस्कर, पीड़ितों को फंसाने के लिए झूठे वादे, चालाकी अथवा हिंसा का इस्तेमाल करते हैं। किसी व्यक्ति को बल प्रयोग कर, डरा कर, धोखा देकर, हिंसा आदि के जरिये बन्धक बनाकर रखना या उसे बेच देना मानव तस्करी के अंतर्गत आता है। मानव तस्करी के ज्यादातर मामले छोटे बच्चे

- कृषि महाविद्यालय भुसावर में मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता एडवाइजरी जारी
- पुलिस जिला मुख्यालयों पर मानव तस्करी यूनिट का गठन

या बालिकाओं के आते हैं। बच्चों से भीख मंगवाने, होटल, घरों, ढाबों और दुकानों पर काम करने के लिए बड़े पैमाने पर मानव तस्करी की जाती है। बालिकाओं की देह व्यापार के लिए तस्करी की जाती है। इनका उपयोग ड्रग्स बेचने अथवा अन्य अवैध कार्यों को करवाने के लिए भी किया जाता है। मानव तस्करी के संदर्भ राजस्थान राज्य बिहार के बाद दूसरे स्थान पर है। इसका प्रमुख कारण गरीबी, अशिक्षा, चाइल्ड पोर्नोठाफी, बंधुआ, मजदूरी, देह व्यापार, सामाजिक असमानता व लैंगिक असंतुलन हैं। राजस्थान के सभी पुलिस जिला मुख्यालयों पर मानव तस्करी यूनिट का गठन किया गया है। हमें इस हेतु जागरूक होने की आवश्यकता है। हमें तस्कर एवं अनजान लोगों के विदेश जाने, अच्छी जीवन शैली व वेतन तथा अन्य लालचों के झांसे में आकार बच्चों को अन्धकार मय भविष्य से बचाना चाहिए तथा इसकी सूचना तुरंत पुलिस थाने में दें ।

चिकित्सा शिविर का समापन आज

भरतपुर, (निसं)। अठाकुल नारीशक्ति, भरतपुर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन होगा। शिविर के दूसरे दिन करीब 36 लोगों ने लाभ लिया।

संथा की अध्यक्ष प्रीति कंसल ने बताया कि अग्रकुल नारीशक्ति द्वारा समाजहित में यह शिविर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविर का आज तीसरा एवं अंतिम दिन रहेगा। ये शिविरकृष्णा नगर स्थित जर्मन होम्योपैथिक क्लिनिक पर दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक लगाया जा रहा है डॉ कुलदीप गोयल ने बताया कि पुरानी बीमारियों से पीड़ित रोगियों को विशेष होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श दिया गया। विशेष होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श दिया गया।

ताइक्वांडो चौंपियनशिप के लिए दो खिलाड़ियों का चयन

भरतपुर, (निसं)। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान एवं दिल्ली ताइक्वांडो एसोसिएशन के मार्गदर्शन में तालकटोरा इंडोर स्टेडियम आयोजित 39वीं नेशनल सब जूनियर क्योरुगी एवं 14वीं पूम्से ताइक्वांडो चौंपियनशिप 2026 के लिए जयशंकर टाईगर क्लब के दो लिटिल टाईगर्स का चयन हुआ।

खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन कार्यक्रम का आयोजन भरतपुर जिला ताइक्वांडो संघ के कार्यालय पर प्रतियोगिता में चयनित भरतपुर संभाग के प्रथम ताइक्वांडो लिटिल मास्टर द्वितीय डेन ब्लैक बेल्ट ऐश्वर्य शर्मा एवं प्रथम डेन ब्लैक बेल्ट रामया शर्मा को अठिाम शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जयशंकर टाईगर क्लब की अध्यक्ष सेवानिवृत्ति व्याख्याता प्रतिभा शर्मा ने कहा कि खिलाड़ी के जीवन में एकाग्रता का विशेष महत्व है, विद्यार्थियों को पढाई और खेल के दौरान सर्वांगीण विकास के लिए एकाठाता रखनी चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि नियमित अभ्यास से सफलता प्राप्त होती है।

कार्यक्रम में भरतपुर ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा ने चयनित खिलाड़ियों को अठिाम शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों को सकारात्मक सोच के साथ अपने अंदर आत्मविश्वास जागृत करने की आवश्यकता है। महिला खिलाड़ियों को खेलने का मौका देना चाहिए, क्योंकि मातृशक्ति मजबूत होगी तो आने वाली पीढ़ियां भी खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश का नाम रोशन करेंगे। टाईगर क्लब सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर ने बताया कि 39वीं नेशनल क्योरुगी एवं 14वीं पूम्से ताइक्वांडो चौंपियनशिप 2026 का आयोजन ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव एडवोकेट आर डी मंगेशकर के शुभाशीष एवं दिल्ली ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव हर्षप्रिय सिंह जी के मार्गदर्शन में तालकटोरा इंडोर स्टेडियम न्यू दिल्ली में दिनांक 13 से 15 जनवरी तक प्रस्तावित है। प्रतियोगिता में क्योरूगी एवं पूम्से के सब जूनियर वर्ग में लोहागढ के शेर ऐश्वर्य शर्मा एवं रामया शर्मा का पुरुष व महिला वर्ग में चयन राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सैनी एवं सचिव लक्ष्मण सिंह हाडा के सानिध्य में हुआ है। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा, श्री अन्नपूर्णा रसोई के निर्देशक विष्णु दत्त शर्मा, बीजेपी शहर प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी हरीश पाठक,भरतपुर ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष पवन पाराशर, नेशनल जूडो चौंपियन पोहप सिंह जादौन, नेशनल कराते चौंपियन नेहा शर्मा, महिला प्रशिक्षक व भरतपुर ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा, क्लब सचिन इंजीनियर पीयूष जयशंकर टाईगर ने प्रतियोगिता में चयनित हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रतिभा सम्मान समारोह में 100 से ज्यादा प्रतिभाएं हुईं पुरस्कृत

टोडाभीम, (निसं)। कस्बे के अस्पताल रोड़ पर स्थित एक निजी विद्यालय में रविवार को सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज की 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाली प्रतिभाओं को अतिथियों के द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष राष्ट्रीय फूले ब्रिगेड टीम राजस्थान दिनेश चन्द सैनी,भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन जादौन, टोडाभीम शहर मंडल अध्यक्ष रवीना मीणा, शिबू राम हिंडौन कर्मचारी तहसील अध्यक्ष मोहन लाल सैनी, अशोक कुमार सैनी युवा तहसील अध्यक्ष, महावीर जी तहसील अध्यक्ष

- 'बेटियां पढ़ लिखकर दो घरों का नाम रोशन करती हैं'

रेतीलाल सैनी अलीपुर रामपाल सैनी मेंबर बाबूलाल सैनी नादोती समाज के तहसील अध्यक्ष,लालचंद सैनी के द्वारा समाज की 100 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय फूले ब्रिगेड के प्रदेश प्रवक्ता महेश चंद्र सैनी ने शिक्षा ही एक ऐसा हथियार हैं जिससे व्यक्ति को अधिकार व सम्मान मिलता है। शिक्षा से ही समाज का विकास होता है, बिना शिक्षा के कोई समाज आगे नही बढ़ सकता।

बेटियों की शिक्षा: वक्ता बेटियों को शिक्षित करने पर बल देते हैं, क्योंकि वे पढ़-लिखकर परिवार और समाज का नाम रोशन करती हैं और परिवार की नींव मजबूत करती हैं।संगठित शक्ति यह संदेश देता है कि समाज की तरक्की के लिए सर्व समाज को एक साथ आना चाहिए, क्योंकि संगठन में ही शक्ति होती है और इसके बिना प्रगति मुश्किल है।

समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक घनश्याम महर ने कहा कि जिस समाज की बेटियां पढ़ी लिखी हैं तो उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नहीं टोडाभीम। प्रतिमा सम्मान समारोह में प्रतिभाओं को सम्मानित करते समाज के लोगो ने कहा कि बेटियां पढ़ लिखकर दो घरों का नाम रोशन करती है। उन्होंने कहा कि बेटियों को आगे रहना है तो उन्हें पढ़ाना ही होगा। इसलिए सर्व समाज के साथ मिलकर हमें एक मजबूत समाज का निर्माण करना चाहिए क्योंकि संगठन में ही शक्ति है, इसके बिना समाज हो या व्यक्ति प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता है। इसलिए देश की सेवा और सामाजिक उन्नित के लिए हमें सबके साथ मिलकर काम करना चाहिए। तहसील अध्यक्ष लालचंद सैनी ने कहा जिस समाज में नेता नहीं है उसकी प्रतिष्ठा नहीं है। उन्होंने कहा कि मंडी, सब्जी,फल और व्यापार में आज सैनी समाज की अहम भागीदारी है। यह सुनकर हमारा भी सीना गर्व से चौड़ा हो रहा है। आगे बढ़ने के लिए जरूरी नहीं कि पैसे की जरूरत पड़े। मेहनत के बलबूते मुकाम बनाया जा सकता है।

शिक्षा के क्षेत्र में किसी समाज से पीछे नही हैं। एडवोकेट रमेश सैनी ने समाज के लोगों से एकजुट रहने का संदेश देते हुए ने कहा कि समाज की राजनीति और शिक्षा में पकड़ मजबूत होगी तो वह दोगुनी रफ्तार से प्रगति करेगा। समारोह में विजेंद्र सैनी,भूरसिंह सैनी,भरतलाल सैनी, जवानसिंह सैनी रूपसिंह सैनी सहित सैनी समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

सार-समाचार

पंजीयन व शिविर में लोगों ने उठाया लाभ

गंगापुर सिटी, (निसं)। गुड मॉर्निंग हैप्पीनेस ग्रुप ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत एक पंजीयन एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर ग्लोबल एग्रीकल्चर एकेडमी में लगाया गया, जिसमें 62 आयुष्मान कार्ड बनाए गए और 178 बुजुर्गों की शुगर व बीपी की जांच की गई। शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों और महिलाओं के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। बड़ी संख्या में बुजुर्गों ने इस स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाया, जहां उनकी डायबिटीज और रक्तचाप की जांच की गई। शिविर का उद्घाटन दीनदयाल गुप्ता और समय सिंह गुर्जर ने किया। विष्णु कुमार जिंदल ने अतिथियों और समूह के सदस्यों का स्वागत किया। चिकित्साकर्मी भंवर सिंह, भानु प्रकाश, अदनान, महाराज सिंह और अमीक खान ने शिविर में विशेष सहयोग प्रदान किया। अंत में, समूह के अध्यक्ष दामोदर गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया और समूह की भविष्य की गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर समूह के सदस्यों ओमप्रकाश गुप्ता, नानक चंद शर्मा, जगदीश प्रसाद गुप्ता, सद्भाव आर्य और महेश चंद गुप्ता के जन्मदिन और वर्षगांठ पर उनका अभिनंदन भी किया गया। संरक्षक सुरेशचंद गुप्ता ने अमृत उद्यान में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी।

चोरों ने सूने मकान से किया माल पार

गंगापुर सिटी, (निसं)। उदेई मोड़ थाना क्षेत्र स्थित शीतला रोड पर एक सूने मकान में चोरी हो गई। चोर लाखों रुपए के आभूषण, नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज लेकर फरार हो गए। मकान मालिक सुरेश बिंदल शनिवार सुबह करीब 9 बजे अपने घर पर ताला लगाकर जयपुर गए थे। इस दौरान मकान पूरी तरह सूना था। रविवार को पड़ोसियों ने मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना मकान मालिक सुरेश बिंदल को दी। सूचना मिलने पर सुरेश बिंदल जयपुर से गंगापुर सिटी पहुंचे। उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे के साथ-साथ अलमारी और बेड के ताले भी टूटे हुए थे और घर का सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित के अनुसार, चोर दो सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन, दो चांदी की अंगूठियां, चांदी की दो जोड़ी पायल और चांदी की लक्ष्मी-गणेशजी की मूर्तियां चुरा ले गए। चोरी की सूचना मिलते ही उदेई मोड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसएफएल टीम ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धूप खुलने से सर्दी से मिली राहत

गंगापुर सिटी, (निसं)। गंगापुर सिटी और आसपास के क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह से कड़ाके की सर्दी जारी है। रविवार को सुबह सूरज निकलने से लोगों को कुछ आंशिक राहत मिली, हालांकि सर्द हवाओं के कारण दिनभर ठंड का असर बना रहा। धूप के बावजूद लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई दिए। रविवार को मौसम में मामूली बदलाव दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान शनिवार के 7 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जबकि अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। सुबह और शाम के समय सर्द हवाओं के कारण गलन का एहसास बना रहा। सुबह के वक्त हल्का कोहरा और ओस भी देखी गई। सर्दी के कारण सड़कों पर आवाजाही कम रही और बाजार भी देर से खुले। दोपहर में धूप निकलने के बाद कुछ चहल-पहल बढ़ी, लेकिन ठंडी हवाओं के चलते लोग खुले में ज्यादा देर रुकने से बचते रहे। चौराहों पर लोग अलाव तापते और चाय की दुकानों पर गर्म पेय का सेवन करते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार, शीतलहर का असर अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। खुले में काम करने वाले मजदूर, बुजुर्ग और बच्चे ठंड से सर्वाधिक प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सर्दी का प्रभाव अधिक बना हुआ है। कड़ाके की ठंड से पशु-पक्षी भी प्रभावित दिख रहे हैं। शाम होते ही तापमान में पुन: गिरावट दर्ज की गई।

राजस्थान शिक्षक संघ युवा के पदाधिकारी का किया स्वागत

करौली, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ युवा के धौलपुर बाड़ी स्नेह मिलन समारोह में शामिल होने जा रहे संघ के पदाधिकारी का करौली वाहन चालक संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में सभी साथी पदाधिकारी ने उनका माल साफा बनाकर भव्य स्वागत किया। करौली वाहन चालक संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने बताया कि रविवार को राजस्थान शिक्षक संघ युवा के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ अखिल राजस्थान राज्य वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जयवीर सिंह राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह यादव भाषण के सहायक वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी आदि पदाधिकारी धौलपुर बाड़ी इसने मिलन समारोह में शामिल होने के लिए करौली होकर जा रहे जिनका करौली आगमन पर करौली वाहन चालक संघ के पदाधिकारी भीम सिंह मीणा और अन्य पदाधिकारी के द्वारा उनका माल साफा पहनकर भव्य स्वागत किया गया।

छात्रों ने सीखे सेवा व अनुशासन के गुर

**